प्रश्न-21. पुष्प का चित्र बनाकर, तीन वाक्य लिखिए ।

उत्तर



1, पुष्प बहुत सुंदर लगते है ।
2, पुष्प की माला भगवान को चढ़ाते है ।
3, पुष्प सुगन्धित होते है ।

प्रश्न-22. दीपावली पर बाजार से हम क्या ख़रीद कर लाते है ?

उत्तर

दीपावली पर बाजार से पटाखें, बताशे, मिठाइयाँ, खिलौने खरीदते है ।

प्रश्न-23. पेड़-पौधों में भी जीवन होता है । समझाइए ।

उत्तर

विज्ञान के अनुसार भी यह बात बिल्कुल सच है कि पेड़ पौधों में भी जान है । जैसे जीवों में श्वसन तंत्र, विकास, पुनरुत्पत्ति, प्रजनन तंत्र, विकास,रक्षात्मक प्रतिक्रिया आदि हैं वैसे ही वनस्पति में भी यह सब कुछ है।

प्रश्न-24. हम फसलों का उत्पादन कैसे बढ़ा सकते है ? समझाइए ।

उत्तर

इन तरीकों से फसलो का उत्पादन बढ़ा सकते है –

- *मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाएं*
- *एक से अधिक फसलें उगाएं*
- *फसल सघनता बढ़ाएं*
- *पानी की सही व्यवस्था*
- *तापमान की स्थिरता*
- *नाइट्रोजन का इस्तेमाल*